वेबसाईट : www.abvp.org पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.

दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 21 जनवरी 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

कुश्ती खिलाड़ियों की समस्यायों पर निगरानी समिति के गठन की घोषणा स्वागत योग्य: अभाविप।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, केन्द्रीय खेल मंत्रालय द्वारा कुश्ती खिलाड़ियों की समस्यायों के समाधान निमित्त निगरानी समिति का गठन कर कथित यौन शोषण के आरोपों तथा खिलाड़ियों की अन्य समस्याओं पर निश्चित समय-सीमा के भीतर जांच पूरी करने संबंधी घोषणा का स्वागत करती है।

उल्लेखनीय है कि खिलाड़ियों की माँगो को लेकर केंद्रीय खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्री श्री अनुराग ठाकुर ने पिछले दो दिनों में धरने पर बैठे पहलवानों के साथ दो बैठकें की। शुक्रवार देर रात तक चली दूसरी बैठक में उन्होंने धरने पर बैठे पहलवानों को उचित एवं निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया और एक निगरानी समिति बनाने की भी घोषणा की। जिसके परिणामस्वरूप धरने पर बैठे पहलवानों ने अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त किया।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि, "भारत सरकार के खेल मंत्रालय तथा भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा कुश्ती खिलाड़ियों की मांगों पर समिति गठित किए जाने से खिलाड़ियों की समस्यायों पर समग्रता से तथा तथ्याधारित विचार हो सकेगा। विश्वस्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने वाले कुश्ती खिलाड़ियों की समस्यायों को निश्चित समय-सीमा के भीतर सुलझाया जाना आवश्यक है जिससे भविष्य में प्रस्तावित खेल प्रतियोगिताओं के लिए ये खिलाड़ी पूरे मनोयोग से अभ्यास आदि में संलग्न हो सकें।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)